हिन्दी सांध्य दैनिक

# प्रखर पूर्वांचल

अखबार नहीं आन्दोलन

RNI:UPHIN/2016/68754 www.prakharpurvanchal.com Email Id: prakharpurvanchal@gmail.com

वाराणसी, चन्दौली, सोनभद्र, मऊ, बलिया, आजमगढ़, भदोही, मिर्जापुर, जौनपुर, लखनऊ, इलाहाबाद तथा गोरखपुर से प्रसारित

वर्ष ८ अंक १२४ पृष्ठ ४, मूल्य ३.००, आमंत्रण मूल्य २.०० ०२ नवम्बर २०२३ दिन गुरुवार गाजीपुर/वाराणसी

## सात नवंबर को बताउंगा कब लूंगा मंत्री पद की शपथ– ओम प्रकाश राजभर

### राजभर का दावा मेरे साथ दारा सिंह चौहान भी बनेंगे मंत्री



प्रखर लखनऊ। ओम प्रकाश राजभर ने दावा किया है कि उनका मंत्री बनना तय हैं और 7 नवबंर को वह फाइनल तारीख भी बता देंगे कि वह कब शपथ लेंगे। साथ ही उन्होंने यह भी दावा किया है कि उनके साथ दारा सिंह चौहान को भी मंत्री बनाया जाएगा। प्रदेश सरकार के मंत्रिमंडल विस्तार को लेकर एक बार फिर से अटकले तेज हो गई हैं। इसी बीच भाजपा के सहयोगी सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (सुभासपा) के अध्यक्ष ओम प्रकाश राजभर ने दावा किया है कि उनका मंत्री बनना तय हैं और 7 नवबंर को वह फाइनल तारीख भी बता देंगे कि वह कब शपथ लेंगे। साथ ही उन्होंने यह भी दावा किया है कि उनके साथ दारा सिंह चौहान को भी मंत्री बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि वह बृहस्पतिवार को दिल्ली जा रहे हैं और वहीं पर सारी बात फाइनल होगी। इससे पहले राजभर बुधवार को सुबह उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक से भी मिलने पहुंचे थे। उनसे मुलाकात के बाद राजभर ने दिल्ली जाने और मंत्री बनने का बयान दिया तो सियासी गलियारों में इसके लेकर अटकलें तेज हो गई हैं। बता दें कि एनडीए में राजभर की दोबारा वापसी में बृजेश पाठक की महत्वपूर्ण भूमिका होने की बात कही गई थी। ऐसे में पाठक से मुताकात के बाद मंत्री बनने के बाद आए राजभर के बयान को उसी नजरिए से देखा जा रहा है। दरअसल सपा छोड़कर भाजपा में लौटने के बाद से राजभर को उम्मीद थी कि उन्हें योगी मंत्रिमंडल में स्थान मिल जाएगा। इस मुद्दे पर वह कई बाद दिल्ली तक का दौड़ भी लगा चुके हैं। कई मौकों पर उन्होंने मंत्री बनाए जाने की घोषणा भी किया था, लेकिन अभी तक विस्तार को लेकर सरकार की ओर से कोई संकेत न मिलने की वजह से राजभर असहज महसूस कर रहे हैं। लिहाजा एक बार फिर से वह दिल्ली जाकर इस मुद्दे पर चर्चा करने की बात कह रहे हैं। एनडीए में आने के बाद से ही राजभर खुद के साथ ही दारा सिंह चौहान को मंत्री बनाए जाने का दावा कर रहे हैं। इसी बीच भाजपा ने दारा सिंह को घोसी से विधानसभा का उपचुनाव लड़ाया तो यह चर्चा तेज हो गई थी कि चौहान को मंत्री बनाया जा सकता है। लेकिन उप चुनाव में चौहान की करारी हार हुई। इसके बावजूद उनके मंत्री बनाए जाने की चर्चाएं जारी हैं। राजभर भी उन्हें मंत्री बनाए जाने की वकालत करते रहे हैं। हालांकि भाजपा की तरफ से इस मुद्दे पर अभी तक कोई संकेत नहीं दिया गया है। ऐसे में चौहान को मंत्री बनाए जाने को लेकर अभी संशय की स्थिति बनी हुई है।

## पुलिस की जवाबी फायरिंग में बदमाश को लगी गोली

### घायल बदमाश शातिर अंतर्जनपदीय चोर



प्रखर खेतासराय जौनपुर। खुटहन और खेतासराय की पुलिस की संयुक्त ऑपरेशन में बुधवार की सुबह खुटहन के रसूलाबाद मोड़ पर मुठभेड़ में एक अंतर्जनपदीय बदमाश को पैर में गोली लगने से घायल हो गया। पुलिस की जवाबी कार्यवाही में घायल बदमाश को स्थानीय पीएचसी पर प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल भेज दिया। पुलिस ने उसके पास से मोटरसाइकिल, तमंचा व कारतूस बरामद किया है। वह शातिर चोर है उस पर जनपद के आधा दर्जन थानों में चोरी, हत्या का प्रयास, पशुतस्करी समेत एक दर्जन से ज्यादा संगीन मामले में पाबंद है। डीएसपी शाहगंज शुभम कुमार तोंदी ने बताया कि पुलिस अधीक्षक द्वारा अपराध के खिलाफ चलाए गए अभियान के तहत सर्किल की पुलिस क्षेत्र में चक्रमण पर थी। बुधवार की सुबह तड़के बदमाश के आने की इनपुट पर खुटहन और खेतासराय की पुलिस पटैला के रसूला बाद मोड़ पर वाहन चेकिंग करने लगे। तभी दो संदिग्ध बदमाश बिना नम्बर की बाइक से आते दिखा। पुलिस के मुताबिक उन लोगों को रोकने की कोशिश की गई तो पुलिस टीम पर फायर झोंक दिया। पुलिस की जवाबी कार्यवाही में एक बदमाश की पैर गोली लगी। जबकि दूसरा अंधेरे का फायदा उठाकर भाग गया। चंगुल में आये बदमाश की पहचान मो नाजिम पुत्र जान मोहम्मद निवासी लमहन थाना महाराजगंज के रूप में हुई। उसपर कुल तेरह विभिन्न संगीन आपराधिक मामले दर्ज है। पुलिस ने आरोपित बदमाश पर हत्या का प्रयास व आर्म एक्ट में मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्यवाही में जुटी रही।

## स्थानीय उत्पादों का करें प्रयोग–कुलपति



प्रखर जौनपुर। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय में उत्तर प्रदेश सरकार के उच्च शिक्षा विभाग के निर्देश के क्रम में खादी महोत्सव का आयोजन किया गया। इसके अंतर्गत विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों को हथकरघा उद्योग, स्थानीय उत्पादों का अवलोकन एवं महत्व के बारे में जागरूक किया गया। विवेकानंद केंद्रीय पुस्तकालय में स्थापित हेरिटेज गैलरी में स्थानीय उत्पादों के बारे में जानकारी दी गई।

विवेकानंद केंद्रीय पुस्तकालय में विश्वविद्यालय की कुलपति प्रोफेसर वंदना सिंह ने कहा कि वर्तमान समय में स्थानीय उत्पादों को उत्तर प्रदेश सरकार एवं केंद्र सरकार का सक्रिय सहयोग मिल रहा है। आज विशिष्ट और आम लोग सभी खादी के वस्त्रों और स्थानीय उत्पादों के प्रति आकर्षित हो रहे हैं। यह हमारे भारत की पुरातन थाती है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी और युवा वर्ग स्थानीय उत्पादों को अपनाकर समाज और देश को आर्थिक रूप से मजबूत कर सकता है। परंपरागत हस्तशिल्प आज विदेश में भी लोकप्रिय हो रहे हैं। आज हमारे युवा वन डिस्ट्रिक्ट–वन प्रोडक्ट को प्रसारित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। कुलसचिव महेंद्र कुमार ने विद्यार्थियों से कहा कि कहा कि खादी वस्त्र गांधी जी का जीवन दर्शन है। उन्होंने कहा जब आप एक खादी का वस्त्र खरीदते हैं तो आप हथकरघा उद्योग एवं भारत के हस्तशिल्प को मजबूत करते हैं।विद्यार्थियों को इस भाव को अपने मन में रखते हुए स्थानीय उत्पादों को प्रमुखता के साथ अपनाना चाहिए और अपने परिवार में भी इसके लिए प्रयास करना चाहिए। हेरिटेज गैलरी के नोडल अधिकारी डॉ. दिग्विजय सिंह राठौर ने जौनपुर जनपद की दरी एवं गाजीपुर जनपद के जूट वॉल हैंगिंग एक जिला एक उत्पाद के बारे में जानकारी दी। स्वागत प्रोफेसर मानस पांडे द्वारा एवं आभार प्रदर्शन जनसंचार विभाग अध्यक्ष डॉ मनोज मिश्र ने किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. दिग्विजय सिंह राठौर द्वारा किया गया।इसके पूर्व विद्यार्थियों को गाजीपुर एवं जौनपुर के हथकरघा उद्योग के उत्पादों से रूबरू कराया गया। युवाओं में खादी उत्पादों की सम्यक जानकारी देते हुए खादी उत्पाद अपनाने की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर प्रो. ए.के. श्रीवास्तव, प्रो बी डी शर्मा प्रो संदीप सिंह, प्रो रजनीश भास्कर, श्याम कन्हैया सिंह, डॉ. विद्युत कुमार डॉ राहुल कुमार राय सहित विश्वविद्यालय के शिक्षक एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## दीपावली से पहले योगी मंत्रिमंडल का विस्तार लगभग तय, पीएम का वाराणसी दौरा नवंबर में संभावित



**छह मंत्री और बनाए जा सकते है योगी मंत्रिमंडल में**

प्रखर वाराणसी/लखनऊ। दीपावली से पहले उत्तर प्रदेश मंत्रिमंडल का विस्तार किया जाएगा, जिसको लेकर दिल्ली में हलचल तेज हो गई है। बता दें कि यह मंत्रिमंडल विस्तार आने वाले लोकसभा चुनाव को देखकर किया जा रहा है। दीपावली के आसपास मंत्रिमंडल विस्तार लगभग सुनिश्चित हो चुका है। वही लोकसभा चुनाव को देखते हुए प्रधानमंत्री का दौरा दीपावली के आसपास वाराणसी होने की उम्मीद है। भारतीय जनता पार्टी कोर कमेटी की मीटिंग बुधवार को दिल्ली में होगी. इसको लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ राजस्थान में अपने दौरे के बाद दिल्ली जाएंगे. जबकि भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी दिल्ली पहुंच चुके हैं. दोनों उप मुख्यमंत्री भी कमेटी में शामिल हैं. माना जा रहा है कि इस बैठक में उत्तर प्रदेश के मंत्रिमंडल विस्तार को लेकर बातचीत की जाएगी. उत्तर प्रदेश में कुल 60 मंत्रियों के पद हैं. 54 मंत्री बनाए जा चुके हैं, छह सीट रिक्त हैं. ऐसे में ओम प्रकाश राजभर और दारा सिंह के अलावा अलग–अलग जातियों का प्रतिनिधित्व करने वाले कुछ अन्य नेताओं को भी मंत्रिमंडल में शामिल किया जा सकता है. जहां तक बात दारा सिंह की है उनको मंत्री बनाए जाने से संगठन में नाराजगी की भी आशंका व्यक्त की जा रही है. ऐसे में पार्टी दारा सिंह के नाम पर सहमत होगी इसको लेकर आशंका है. भारतीय जनता पार्टी कोर कमेटी की मीटिंग में लोकसभा चुनाव 2024 से पहले उत्तर प्रदेश के मंत्रिमंडल में विस्तार के बड़े निर्णय पर फैसला हो सकता है. कमेटी में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के अलावा दोनों उपमुख्यमंत्री, प्रदेश प्रभारी राधा मोहन सिंह, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी, महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह के अलावा कई अन्य महत्वपूर्ण नेता शामिल हो रहे हैं, जो समय–समय पर पार्टी के बड़े निर्णय पर सहमति व्यक्त करते हैं. इस बार यह मीटिंग दिल्ली में आयोजित की जा रही है. जिससे स्पष्ट है कि यह बहुत अधिक महत्वपूर्ण मीटिंग है. भारतीय समाज पार्टी के अध्यक्ष ओमप्रकाश राजभर गाजीपुर जिले की जहुराबाद सीट से विधायक हैं. विधानसभा चुनाव 2022 के दौरान ओमप्रकाश राजभर ने समाजवादी पार्टी के साथ गठबंधन करके इस सीट पर जीत प्राप्त की थी. मगर सपा की हार के बाद में भाजपा गठबंधन में शामिल हो गए. राजभर समाज पर उनके भारी प्रभाव को देखते हुए लोकसभा चुनाव 2024 से पहले उनको मंत्री बनाकर पार्टी बड़ा संदेश देना चाह रही है.

## जाणता राजा महानाट्य उद्घाटन के मुख्य अतिथि होंगे योगी आदित्यनाथ

### काशी हिन्दू विश्वविद्यालय में 21 से 26 नवंबर तक होगा भव्य आयोजन



प्रखर वाराणसी। छत्रपति शिवाजी महाराज के विचारों एवं कार्यों को जन जन तक पहुँचाना अखण्ड भारत की संकल्पना को मूर्त रूप देना है उक्त बातें उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ ने जाड़ता राजा महानाट्य मंच आयोजन समिति के सदस्यों से बातचीत में व्यक्त किये।उन्होंने कहा कि पूर्वांचल की भूमि क्रांतिकारी आंदोलन की भूमि रही है और यहां के लोगों ने मुगलों से जमकर संघर्ष किया है ,लोगों ने हमेशा मूल्यों की लड़ाई का पाठ शिवाजी के विचारों और कार्यो से ही लिया है।श्री योगी ने कहा कि काशी की धरती पर इस महानाट्य मंचन से युवाओं में धर्म, संस्कृति और अध्यात्म के प्रति निष्ठा बढ़ेगी।उन्होंने ने कहा कि छत्रपति शिवाजी के शासनकाल में देश ने हर प्रकार से उन्नति किया था वे हिंदू चेतना के सजग प्रहरी और उद्घोषक थे।वे मानवता के पुजारी भी थे।श्री योगी उक्त वार्ता सर्किट हाउस में समिति के सदस्यों से कर रहे थे।उन्होंने कहा कि शिवाजी के दिखाए मार्गों का अनुसरण आज के युवाओं को करना चाहिए।आगामी 21 से 26 नवम्बर 2023 को बीएचयू के एम्पी थिएटर मैदान में आयोजित से महानाट्य मंचन का निमंत्रण पत्र सेवा भारती काशी प्रान्त के अध्यक्ष राहुल सिंह ने दिया।इस अवसर पर उपस्थित काशी प्रान्त के प्रांत प्रचारक रमेश जी से मुख्यमंत्री ने कहा कि उदघाटन अवसर पर मैं खुद रहकर नाट्यमन्चन देखूंगा।इस अवसर पर आयोजन समिति के सचिव अनिल किंजवेकर, सेवा भारती काशी प्रान्त महामंत्री जियुत राम विश्वकर्मा, हरिनारायण विसेन,सतीश जैन,विपिन सिंह प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

## सीएम योगी के जिले की जेल में पति की हत्या के जुर्म में बंद 17 महिलाओं ने रखा करवा चौथ का व्रत



प्रखर गोरखपुर। आज देश में हर जगह शादी शुदा महिलाएं अपने पति की लंबी उम्र के लिए करवाचौथ का व्रत रख रही हैं, जिसे लेकर सुबह से ही महिलाओं की ओर से देर शाम होने वाली पूजा से जुड़ी तैयारियों को जोर दिया जा रहा है। इसी बीच यूपी के गोरखपुर की जिला जेल से करवाचौथ के मौके पर सामने आए एक आंकड़े ने हर किसी को हैरान करते हुए ये सोचने पर मजबूर कर दिया कि आखिर ऐसा कैसे हो सकता है। दरअसल, गोरखपुर जिला जेल में तकरीबन 100 महिला बंदी हैं, जिनमें से 35 पर पति की हत्या का आरोप है। गौर करने वाली बात ये है कि इनमें से 17 महिला बंदियों ने इस बार जेल में करवाचौथ का व्रत रखा है। जेल अधीक्षक दिलीप कुमार पांडेय ने जानकारी देते हुए बताया कि पति की हत्या के आरोप में जेल में बंद 35 महिला बंदियों में से 17 बंदी जेल में करवा चौथ व्रत रख रही हैं। जेल में व्रत रखने वाली महिला बंदियों में गोंडा के मल्हीपुर की सितांजली के अलावा विजयलक्ष्मी, गुड्डी, अनुपमा, रमिता, निशा, संगम, सुमन, अंजनी, बलवंती, प्रमिला, माला, सुमन, कतवारी, सुशीला, रीता के साथ रीमा शामिल हैं। गोरखपुर जिला जेल के अधीक्षक दिलीप कुमार पांडेय ने बताया कि करवाचौथ व्रत रखने वाली बंदियों के लिए जेल प्रशासन की ओर से सारे इंतजाम जेल के भीतर ही किए जा रहे हैं। पति की हत्या के बाद जेल में बंद 17 महिला बंदियों की ओर से करवाचौथ का व्रत रखने वाली खबर सामने आने के बाद लोगों के बीच अलग–अलग तरह की चर्चाएं शुरू हो गई हैं। लोग इस मामले पर सोशल मीडिया के जरिए टिप्पणी करते हुए कह रहे हैं कि पति की हत्या के बाद आखिर ये महिलाएं किसके लिए व्रत रख रहीं हैं तो वहीं कोई इस मामले पर कह रहा है कि ये महिला बंदियां अपने प्रेमियों के लिए व्रत रखने वाली हैं। हालांकि, जेल में बंद 17 महिला बंदियां किसके लिए व्रत रखने वाली हैं, इसे लेकर अभी तक कोई आधिकारिक पुष्टी नहीं की गई है।जेल में बंद सितांजली ने अन्य की तरह रखा प्रेमी के लिए व्रत पति की हत्या की जेल में बन्द व्रत रखने वाली एक महिला कैदी के विषय में जानकारी देते हुए जेल में तैनात पुलिसकर्मियों ने बताया कि करवाचौथ पर व्रत रहने वाली सितांजली की शादी साल 2020 में रामानंद से हुई थी। 2021 में रामानंद काम के सिलसिले में दुबई चला गया। वहीं, दूसरी तरफ सितांजली का उसके ननद के देवर बृजमोहन के साथ प्रेम प्रसंग शुरू हो गया। आरोप है कि बीते 6 अप्रैल 2023 को रामानंद दुबई से वापस आया तो सितांजली ने उसे नींद की दवा खिला दी और उसके बाद अपने प्रेमी बृजमोहन व उसके दोस्त अशोक के संग मिलकर अपनी पति का गला दबाकर हत्या की। बताया जाता है कि इस करवाचौथ पर इस महिला बंदी ने भी अन्य की तरह अपने

# विशाल भारतीय लोकतंत्र में धार्मिक कट्टरता को अस्तित्वहीन करना होगा

भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश हैस स्वतंत्रता के बाद से भारत के संविधान में लोकतंत्र को सर्वोपरि स्थान दिया गया हैस देश की भौगोलिक तथा जनसंख्यात्मक विशालता में कुछ तत्व सांप्रदायिक हिंसा एवं अराजकता के परिस्थितियों के कारण उत्पन्न हो सकतें हैं, पर भारतीय लोकतंत्र की महानता एवं विशालता है कि इससे संवैधानिक भारतीय लोकतंत्र को बहुत ज्यादा फर्क नहीं पड़ता, पर यह तय है कि सांप्रदायिक हिंसा एवं धार्मिक कट्टरता से लोकतंत्र की अवधारणा थोड़ी दिग्भ्रमित जरूर होती है पर इसकी मजबूती ना तो पहले कम हुई है और ना ही भविष्य में होने की कोई गुंजाइश ही है। हिंसा ,विवाद किसी भी बात का कोई हल नहीं। यह लोकतंत्र के लिए एक धब्बे के समान है। किसी भी देश में लोकतंत्र की आम धारणा आपसी सद्भाव और समभाव को लेकर आधारभूत रचनात्मक रूप से की गई है। विश्व के शांति प्रस्तावक भारत देश में हिंसा और हिंसक आंदोलन की कोई जगह नहीं एवं यह किसी धार्मिक, सामाजिक अथवा आर्थिक असहमति का परिणाम तो कतई नहीं हो सकती है।भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक,प्रजातांत्रिक स्वतंत्र राष्ट्र है।वैचारिक चिंतन, प्रभुद्धता लोकतंत्र के प्रमुख अवयव होते हैं, राष्ट्र के किसी भी नीति में सहमत और असहमत होना एक सामान्य प्रक्रिया, प्रतिक्रिया हो सकती है, और आम जनमानस का किसी मुद्दे पर आप सहमत होना भी एक सामान्य बात हो सकती है पर किन्ही भी परिस्थितियों में असहमति हिंसा के रूप में कतई बर्दाश्त के योग्य नहीं होनी चाहिए, विरोध का स्वरूप राष्ट्रीय संपत्ति की बर्बादी तो किसी भी काल और खंड में स्वीकार्य नहीं है। यह राष्ट्र के लिए घातक और विकास की अवधारणा को अवरुद्ध करने वाला आत्मघाती कदम है।आंदोलन का स्वरूप सदैव शांति पूर्वक हो तो राष्ट्र तथा आमजन के हित में ही होगा। आंदोलनकारियों को शायद यह गुमान नहीं है कि राष्ट्रीय सरकारी संपत्ति आपके द्वारा दिए गए टैक्स के रूप में रुपयों से ही निर्मित होती है, इसे नष्ट करके आप स्वयं अपनी संपत्ति का नुकसान ही कर रहे हैं। आजादी के बाद से भारत के समक्ष कई सामाजिक आर्थिक समस्याएं आई है। अक्सर सामाजिक क्षेत्र में समस्याओं ने अर्थव्यवस्था की उत्तरोत्तर प्रगति पर अवरोध खड़े किए हैंस देश की सामाजिक विषमताओं ने समाज में कई समस्याओं को जन्म दिया है एवं आर्थिक प्रगति पर विभिन्न सोपानों में लगाम लगाई है। भारतीय समाज में विषमता एवं विविधता भारत के लिए एक बड़ी समस्या बनकर सामने खड़ी है। स्वतंत्रता के पूर्व तथा स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात भारतीय समाज में विषमताएं भारत के लिए चुनौती बनकर वर्तमान में कई बाधाएं उत्पन्न कर रही हैं। आज जातिगत संघर्ष बढ़ गए हैं,जातिगत संघर्षों को राजनीतिक महत्वाकांक्षा ने बहुत क्लिष्ट बना दिया है। राजनीति सदैव महत्वाकांक्षा के बल पर जातिगत समीकरण को नए–नए रूप तथा आयाम देती आई है और सदैव समाज में वर्ग विभेद आर्थिक विभेद कर के अपना उल्लू सीधा करना मुख्य ध्येय बन चुका है। उच्च वर्ग तथा निम्न वर्ग सदैव सत्ता के संघर्ष के लिए न सिर्फ एक दूसरे का परस्पर विरोध करते है बल्कि शासन प्रशासन के विरोध में भी सदैव खड़े पाए गए हैं। सत्ता पाने की लालसा में जातीय संघर्ष, नक्सलवाद तेजी से समाज में पनपता जा रहा है। भारतीय परिपेक्ष में आज सिर्फ जाती ही नहीं धार्मिक महत्वाकांक्षा देश के समाज के समक्ष चुनौती बन गया है। भारत में हिंदू मुस्लिम जाति संघर्ष ऐतिहासिक तौर पर अपनी जड़ें जमां चुका है, वर्तमान में मंदिर और मस्जिद के झगड़े देश में अशांत माहौल पैदा करने का एक बड़ा सबक बन चुके है।और यही वर्ग विभेद संघर्ष भारतीय आर्थिक विकास के बीच एक बड़ा अवरोध बनकर खड़ा है। पश्चिमी विद्वान भी कहते हैं कि भारत के राष्ट्र के रूप में विकसित होने में जाति एवं धर्म ही सबसे बड़ी बाधाएं हैं जिन्हें दूर करना सर्वाधिक कठिन कार्य है क्योंकि इसकी जड़ें भारत के स्वतंत्रता के पूर्व से देश में गहराई लिए हुए हैं। जातीय वर्ग संघर्ष और भाषाई विवाद ऐसा मुद्दा रहा है जिससे लगभग एक शताब्दी तक भारत आक्रांत रहा है। आजादी के बाद से ही भाषा विवाद को लेकर कई आंदोलन हुए खासकर दक्षिण भारत राज्यों द्वारा हिंदी को राष्ट्रभाषा बनाए जाने एवं देश पर हिंदी थोपे जाने के विरोध में विरोध प्रदर्शनों को प्रोत्साहित किया गया। आज भी विभिन्न राज्यों में भाषाई विवाद एक ज्वलंत एवं संवेदनशील मुद्दा बना हुआ है, चाहे वह बंगाल हो, तमिलनाडु हो, आंध्र प्रदेश हो, उड़ीसा और महाराष्ट्र में भी भाषाई विवाद अलग–अलग स्तर पर सतह पर पाए गए हैं। समान सिविल संहिता को लेकर बहुसंख्यक संविधान में आक्रोश है दूसरी तरफ अल्पसंख्यक समुदाय इसलिए डरा हुआ है कि कहीं उसकी अपनी अस्मिता एवं पहचान अस्तित्व हीन ना हो जाए। स्वतंत्रता के बाद से यह विकास की मूल धारणा थी कि पंचवर्षीय योजनाओं में वर्ग विहीन समाज में लोकतांत्रिक एवं धर्मनिरपेक्ष तरीके से समाज का आर्थिक विकास तथा रोजगार के साधन उपलब्ध हो सकेंगे। पर स्वतंत्रता के 75 साल के बाद भी लोकतांत्रिक व्यवस्था में वर्ग विभेद भाषाई विवाद ने अभी भी आर्थिक विकास में कई बाधाएं उत्पन्न की है। संविधान में सदैव सकारात्मक वर्ग विभेद एवं विकास की अवधारणा को प्रमुखता से शामिल किया गया था और पंचवर्षीय योजनाओं में भी विकास को वर्ग विभेद से अलग रखकर विकास की अवधारणा को बलवती बनाया गया है। सामाजिक आर्थिक तथा धार्मिक विविधता वाले समाज को विवादों से परे रख आर्थिक विकास की परिकल्पना एक कठिन और दुष्कर अभियान जरूर है पर असंभव नहीं है। और इसी की परिकल्पना को लेकर आजादी के पश्चात से पंचवर्षीय योजनाओं का प्रादुर्भाव सरकार ने समय–समय पर लागू किया है। विकास की अवधारणा में राष्ट्र की मुख्य धारा में समाज के पिछड़े वर्ग को शामिल कर उन्हें सम्मुख लाना होगा। यदि देश के पिछड़ा वर्ग और गरीब तबका विकास की मुख्यधारा से जुड़ता है तो गरीबी, भुखामरी, नक्सलवाद जैसे संकट अस्तित्व हीन हो जाएंगे और ऐसी समस्या धीरे धीरे खत्म होती जाएगी। आवश्यकता यह है कि हमें राष्ट्रवाद को सर्वोपरि मानकर इस पर अमल करना होगा। फिर चाहे वह सांस्कृतिक राष्ट्रवाद हो या समावेशी राष्ट्रवाद हो। समाज की मुख्यधारा में राष्ट्रवाद को एक प्रमुख अस्त्र बनाकर देश की प्रगति में इसका इस्तेमाल किया जाना चाहिए। भारत में आजादी के 75 वर्ष बाद भी ब्रिटिश हुकूमत की तरह गरीबी, भूखमरी ,बेरोजगारी ,नक्सलवाद, आतंकवाद, सांप्रदायिकता,भाषावाद एवं क्षेत्रीय विघटनकारी प्रवृत्तियां सर उठाये घूम रही हैं, हम इन पर अभी तक प्रभावी नियंत्रण नहीं लगा पाए हैं। हमें इन सब विसंगतियों से ऊपर उठकर राष्ट्रीय नागरिकता एवं भारत राष्ट्र की विकास की अवधारणा को राष्ट्रवाद से जोड़कर आर्थिक विकास को एक नया आयाम देना होगा,तब जाकर भारत वैश्विक स्तर पर आर्थिक रूप से मजबूत एवं आत्मनिर्भर बन सकेगा। किसी बात का विरोध हिंसा के बिगड़े स्वरूप की तरफ शासकीय संपत्ति को नष्ट करना देश हित में नहीं।

**संजीव ठाकुर, स्तंभकार,संकलनकर्ता, लेखक**



# परंपरा पुरानी है !

**कृष्णेन्द्र राय**



लेकर टिकट वितरण को ।  
है मचा बवाल ।।  
दिया कैसे उनको ।  
बड़ा है सवाल ।।  
परंपरा पुरानी है ।  
है होता हर हाल ।।  
पाने खातिर टिकट ।  
जाते बुनते जाल ।।  
उसी को निभाना है ।  
लो बातें ये जान ।।  
केवल नहीं एक ।  
और भी महान ।।  
हो जाएंगे बागी ।  
रखा नहीं यदि ख्याल ।।  
हमको भी है आती ।  
चलनी नई चाल ।।

# अकर्मण्यता की निराशा से जन्मा पलायनबाद, जीवन की प्रगतिशीलता का बड़ा अवरोध

यह बात चाहे मनुष्य के जीवन की हो यह राष्ट्र के उत्थान से संदर्भित हो, जीवन में मनुष्य के संदर्भ में अकर्मण्यता एक बड़ी शारीरिक,मानसिक व्याधि और दशा है, यह जीवन को निर्रथक बनाती है। इसी तरह देश का शासन तंत्र यदि आक्रमण्य और निराशावादी हो तो देश की उन्नति में अवरोध और बढ़ाएं सदैव उत्पन्न होती रहती हैं। इस अवस्था को तत्काल त्यागना चाहिए,और अपने जीवन के संघर्ष के लिए तैयार रखना चाहिए। मन ही मन यदि आपने किसी कठिन कार्य को करने का संकल्प ले लिया तो निरंतर जिजीविषा और संयम के साथ संघर्ष हर बड़ी जीत और सफलता के उत्तम मार्ग हैं। वैसे जीवन में दुष्कर, कठिन कार्य को पहले चुनना चाहिए जिससे पूरी शक्ति एवं उर्जा लगाकर हम उसे प्राप्त कर सकेस कठिन कार्य से घबराकर उससे पलायन करना निराशा को जन्म देता हैस निराशा से बढ़कर कोई अवरोध नहीं अतः निराशा, हताशा को त्यागें और ऊर्जा उत्साह के साथ आगे बढ़े, सफलता आपके कदमों पर होगी। हर बड़ा व्यक्ति जो हमें समाज से अलग हटकर खड़ा दिखाई देता हैस जिसे हम विलक्षण मानते और प्रतिभा संपन्न मानते हैं और आज के संदर्भ में हम उसे सेलिब्रिटी कहते हैं तो निसंदेह उसकी इस सफलता के पीछे अनवरत श्रम, अदम्य मानसिक शक्ति और संयम छुपा होता हैस बड़ी सफलता प्राप्त करने का कोई सरल उपाय या शॉर्टकट नहीं होता है। विपरीत परिस्थितियों में मनुष्य की मानसिक दृढ़ता एवं संकल्पित कठिन श्रम ही सफलता के रास्ते खोलते हैं।यूं तो हर इंसान के जीवन में विशेषताएं, मान्यताएं, प्रतिबद्धताओं और आकांक्षाएं होती हैंस सभी लोग मूलभूत आवश्यकताओं के साथ साथ सामाजिकता , प्रसिद्धि और प्रतिष्ठा जैसी उच्च स्तरीय आवश्यकताओं की पूर्ति करना चाहते हैंस मानव की स्वाभाविक और अदम्य इच्छा की पूर्ति के संपूर्ण जीवन और उसके अस्तित्व के लिए अत्यंत आवश्यक है किंतु व्यक्ति की इच्छा,आकांक्षा सफलता उस उसके मूल्यों,सिद्धांतों और आदर्शों की कीमत पर कतई नहीं होनी चाहिए स यदि व्यक्ति की आकांक्षा,सफलता और इच्छा उसकी अदम्य इच्छा, भूख और मूल्यों को समाविष्ट ना करते हुए दूसरी दिशा में जाती हो तो ऐसे में उसकी सफलता पूरे मानव समाज और मानवता के लिए संकट का कारण भी बन सकती हैस जिस तरह एक वैज्ञानिक मेहनत, लगन, प्रयोगशाला में मानवी संविधान मूल्यों से ओतप्रोत मानव कल्याण के उपकरण न बनाकर जैविक व रासायनिक हथियार बनाकर व्यापक नरसंहार जैसे अमानवीय अविष्कार को मूर्त रूप दे, तो यह समाज के लिए खतरनाक हो सकता हैस यही वजह है की सफलता का नक्शा और इच्छा के पीछे माननीय मूल्यों का होना अत्यंत आवश्यक भी है। मूल्य, सिद्धांत और नैतिकता जीवन के लक्ष्य और उसके क्रियान्वयन में सर्वाधिक संवेदनशील एवं महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैंस सफलता की धारणा केवल स्थापित मापदंड न होकर मानवीय मूल्यों से जुड़ा होकर मानव कल्याण के लिए भी

# पति ने कराई करवा चौथ की शॉपिंग और हो गई जीजा के साथ फरार!



प्रखर मेरठ/एजेंसी। करवा चौथ पर उत्तर प्रदेश के मेरठ से हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है। यहां पत्नी की हरकत सुनकर हर कोई परेशान है। जानकारी के अनुसार पति ने बताया कि बीवी ने मेरे साथ करवा चौथ की शॉपिंग थी। करवा चौथ के लिए सभी प्रकार का जरूरी सामान खरीदा था। हर साल हम दोनों इसी प्रकार करवा चौथ की शॉपिंग करते थे। हम दोनों एक दूसरे के लिए करवा चौथ का व्रत भी रखते थे। लेकिन मुझे इस बात की भनक भी न थी, कि करवा चौथ के पहले दिन पत्नी अपने जीजा के साथ फरार हो जाएगी। पीड़ित पति ने थाने में शिकायत दर्ज कराई, पुलिस ने प्रेम संबध का मामला बताकर युवक को थाने से वापस भेज दिया। पीड़ित ने पुलिस को बताया कि चार–पांच दिन से लगातार वह पत्नी को करवा चौथ की शॉपिंग करा रहा था, हर साल की तरह इस बार भी करवाचौथ के लिए जरूरी सामान खरीदा था। हम दोनो पति पत्नी एक–दूसरे के लिए करवा चौथ का व्रत शादी के बाद से लगातार रखते आ रहे हैं। हम दोनों की शादीशुदा जिंदगी खुशहाल चल रही थी, लेकिन इधर कुछ दिनों से पत्नी का व्यवहार अजीब सा हो गया था। हम लोगों के बीच लडाई झगड़ा बढ़ता ही जा रहा था। जिस वजह से घर पर कलेश होता रहता था । पीड़ित पति ने पुलिस को बताया कि वह मंगलवार को किसी काम से शहर के बाहर गया था। इसी बीच पत्नी मौका पाकर करवा चौथ के एक दिन पहले घर से फरार हो गई। जब वह घर आया, तो पत्नी को घर पर ना पाकर अनहोनी की आशंका से घबरा गया। घर के आसपास के लोगों से पूछताछ की, तो लोगो ने बताया कि शाम के वक्त महिला किसी के साथ बाइक पर बैठकर गई थी। इस पर महिला के पति ने आसपास सीसीटीवी चौक किए, तो उसकी पत्नी अपने जीजा के साथ बाइक पर सवार होकर जाती दिखी। पति ने दोनों के नंबर पर कॉल की, तो दोनो के फोन बंद आ रहे थे। थाने में शिकायत दर्ज कराई पीड़ित पति ने नजदीक थाने में पत्नी की गुमशुदगी की शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने इस मामलें की जांच की और स्थानीय लोगों से पूछताछ के बाद मामला प्रेम संबंध का निकला। पुलिस ने बताया कि महिला अपनी इच्छा से गई हैं और महिला और उसके जीजा दोनों का मोबाइल नंबर बंद है, दोनों का नंबर सर्विलांस पर लगा दिया गया है। मामले की गहनता से जांच की जा रही है।

# करवा चौथ पर व्रत के बाद भी दिखा सुहागिन महिलाओं में उत्साह



प्रखर पिंडरा वाराणसी। पतियों के लम्बी उम्र के लिए पत्नियों द्वारा रखे जाने वाले करवा चौथ का त्योहार ग्रामीण क्षेत्रों में बुधवार को धूमधाम से मनाया गया। क्षेत्र के पिंडरा, फूलपुर, सिंधोरा, मंगारी व कुआर समेत बाजारों व गावो में सुहागिन सोलह श्रृंगार कर मंदिरों में पूजन अर्चन करने के साथ चांद का दर्शन करने के बाद पतियों के हाथ जल ग्रहण करने के बाद निर्जला ब्रत का पारण किया। इस दौरान उत्सव जैसा माहौल दिखा। महिलाओं की टोलियां मन्दिर में समहू के बीच पूजन करती दिखी।

# प्रो.पुष्पिता अवस्थी की अहिंसा के स्वर पुस्तक का लोकार्पण कई शहरो में हुआ

प्रखर डेस्क। भारत ऋषिकाओं की भूमि रही है। प्राचीन काल में जहां गार्गी, मैत्रेयी, घोषा, गोधा, विश्ववारा, अपाला, अदिति आदि ने शिक्षा के क्षेत्र में अपना महान् योगदान दिया। वर्तमान समय में भारत की बेटी प्रो. पुष्पिता अवस्थी विगत दो दशकों से भारत भूमि से सुदूर सूरीनाम, मॉरिशस से होते हुए नीदरलैंड में हिंदी साधिका के रूप में हिंदी का प्रचार प्रसार कर रही हैं, बल्कि हिंदी के माध्यम से भारतीय संस्कृति का भी संवर्धन कर रही हैं। १६६० में कानपुर में जन्मी प्रो. पुष्पिता अवस्थी काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के वसंत महिला महाविद्यालय में बीस वर्षों तक हिंदी विभागाध्यक्ष रहने के बाद वर्ष 2001 से विदेशी भूमि पर हिंदी को लोकप्रिय बनाने में अपना योगदान दे रही हैं। एक अध्यापक, कवि, लेखक, संपादक, भाषाविद् एवं संस्कृतिकर्मी के रूप में प्रो. पुष्पिता अवस्थी जी की हिंदी, अंग्रेजी, डच व अन्य भाषाओं में लगभग 80 से अधिक पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी हैं। उनके साहित्य का अनुवाद भारत की अनेक भाषाओं सहित अंग्रेजी, जर्मन, डच, फ्रेंच, पुर्तगाली, रुसी, स्पानी आदि विदेशी भाषाओं में हो चुका है। प्रो. पुष्पिता अवस्थी के साहित्य में निहित भारतीय संस्कृति के गुणसूत्रों को देखते हुए उनके साहित्य पर देश विदेश के 37 विश्वविद्यालयों में शोधकार्य किये जा रहे हैं। सूरीनाम स्थित भारतीय दूतावास में प्रथम सचिव एवं हिंदी प्रोफेसर रहते हुए प्रोफेसर पुष्पिता के कुशल संयोजन में 2003 में सूरीनाम में सातवां विश्व हिंदी सम्मेलन संपन्न हुआ सूरीनाम देश में उनके हिंदी सेवा के लिए वर्ष 2005 में सूरीनाम हिंदी परिषद् द्वारा प्रो. पुष्पिता अवस्थी को ष्सूरीनाम हिंदी सेवा सम्मान प्रदान किया गया।

# नगर निगम प्रशासन द्वारा चौथे वेंडिंग जोन की सूची प्रकाशित किए जाने से उत्साहित लघु व्यापारियों ने आभार यात्रा निकालकर सरकार का किया धन्यवाद



प्रखर पूर्वान्चल हरिद्वार। राष्ट्रीय पथ विक्रेता संरक्षण अधिनियम, प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेंडर आत्मनिर्भर योजना, उत्तराखंड नगरीय फेरी नीति नियमावली के नियम अनुसार हरिद्वार नगर निगम प्रशासन द्वारा भगत सिंह चौक से सेक्टर 2 बैरियर तक लगभग ढाई सौ रेहड़ी पटरी के लघु व्यापारियों की क्षमता के चौथे वेंडिंग जोन की लाभार्थी सूची प्रकाशित किए जाने से उत्साहित रेहड़ी पटरी के लघु व्यापारियों ने भारी तादाद में प्रांतीय अध्यक्ष संजय चोपड़ा के नेतृत्व में तुलसी चौक से इकट्ठा होकर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, क्षेत्रीय लोकसभा सांसद डॉ. रमेश पोखरियाल निशंक, क्षेत्रीय विधायक मदन कौशिक सहित उत्तराखंड सरकार के प्रति आभार यात्रा निकालकर नगर आयुक्त के कार्यालय पहुंचकर नगर आयुक्त दयानंद सरस्वती, सहायक नगर आयुक्त श्याम सुंदर प्रसाद, कर अधीक्षक सुनीता सक्सेना का संयुक्त रूप से अंगवस्त्र देकर सार्वजनिक तौर पर स्वागत कर धन्यवाद ज्ञापन प्रेषित किया । इस अवसर पर नगर आयुक्त दयानंद सरस्वती ने कहा उत्तराखंड सरकार के निर्देशन में प्रथम चरण में तीन वेंडिंग जोन विकसित कर लगभग 200 रेहड़ी पटरी के स्ट्रीट वेंडर्स को राष्ट्रीय आजीविका मिशन के तहत स्वरोजगार दिए जा रहे हैं वही भगत सिंह चौक से सेक्टर 2 बेरियल तक लगभग ढाई सौ स्ट्रीट वेंडर की क्षमता के वेंडिंग जोन की 105 स्ट्रीट वेंडर्स की प्रथम सूची प्रकाशित की जा चुकी है उन्होंने कहा नारायणी शिला के सामने देवपुरा चौराहे तक केंद्र और राज्य सरकार के निर्देशन में भोजनालय बाजार फूड कोर्ट के रूप में विकसित किए जाने की कार्रवाई प्रचलन में है उन्होंने यह भी कहा शीघ्र ही उत्तरी हरिद्वार के प्रस्तावित वेंडिंग जोन वर्ष 2018 के सर्वे व पंजीकरण सूची के अनुसार दिसंबर माह तक विकसित किए जाने की कार्रवाई की जा रही है। इस अवसर पर लघु व्यापार एसो.के प्रांतीय अध्यक्ष संजय चोपड़ा ने कहा मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, शहरी विकास मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल के संयुक्त निर्देशन में उत्तराखंड राज्य के सभी शहरी नगर निगम, नगर पालिकाओं में उत्तराखंड नगरीय फेरी नीति नियमावली के नियम अनुसार रेहड़ी पटरी के (स्ट्रीट वेंडर्स) लघु व्यापारियों को उचित स्थान के साथ वेंडिंग जोन, हैकिंग जोन के रूप में युद्ध स्तर पर कार्रवाई की जा रही है जो कि हर्ष का विषय है उन्होंने कहा कनखल दक्ष मार्ग श्री यंत्र मंदिर के सामने बंगाली मोड, रेलवे स्टेशन, बस अड्डा, भीमगोडा, काली मंदिर मार्ग, पंत दी पार्किंग, खड़खड़ी, भूपतवाला, सर्वानंद घाट के सामने न्यू सब्जी मंडी, लक्सर रोड मेडिकल कॉलेज इत्यादि क्षेत्रों के (स्ट्रीट वेंडर्स) लघु व्यापारियों को पंजीकृत सर्वे सूची के अनुसार नए वेंडिंग जोन के रूप में व्यवस्थित व स्थापित किए जाने की मांग को लेकर मेरे द्वारा प्रयास किया जा रहे हैं। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का आभार प्रकट कर नगर आयुक्त दयानंद सरस्वती व अन्य अधिकारियों का धन्यवाद ज्ञापित कर स्वागत अभिनंदन करते जिला अध्यक्ष राजकुमार एंथोनी, प्रिंस साहू, किशन लाल कश्यप, जसवंत चौहान, विकास सक्सेना, प्रदुमन गुप्ता, शुभम सैनी, जय सिंह बिष्ट, मोहनलाल, ओम प्रकाश कालियान, लालचंद गुप्ता, विजय गुप्ता, भोला यादव, यामीन अंसारी, आजम अंसारी, तस्लीम अहमद, नईम सलमानी, विजेंद्र चौधरी, रणवीर सिंह, कामिल, मनोज कुमार, चुन्नू चौधरी, श्रीमती सुमन गुप्ता, सुनीता चौहान, माया देवी, पुष्पा दास, राधिका शर्मा आदि भारी तादात में लघु व्यापारी शामिल रहे।

# श्रीराम का चरित्र करता है आदर्श समाज की स्थापना– विनय चौरसिया

## रामलीला हमारे हिंदुत्व एवं सांस्कृति जीवन का है आदर्श



**बदलते दौर में युवापीढ़ी अपनी संस्कृति और संस्कार को भूल रही है**

प्रखर भदोही। मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम हमारे आदर्श हैं। हमें अपने जीवन में प्रभु श्रीराम का संस्कार उतारना चाहिए। रामलीला सिर्फ मनोरंजन का साधन नहीं है यह हमारे हिंदुत्व की और मर्यादित जीवन का मूल मंत्र है। बदलते परिवेश में हम पश्चिमी सभ्यता की ओर बढ़ रहे हैं। लेकिन रामलीला के जरिए एक आदर्श समाज की स्थापना कर सकते हैं। भदोही जनपद के हरीपुर, अभिया गांव में आदर्श रामलीला समिति की तरफ से आयोजित सात दिवसीय रामलीला मंचन के तीसरे दिन श्रामवन गमन एवं केवट संवादश का मंचन किया गया। इस दौरान भदोही जनपद के प्रसिद्ध उद्योगपति एवं सुरियावां नगर पंचयात के अध्यक्ष विनय चौरसिया ने अपनी बात रखते हुए। कहा कि जनपद भदोही में हरीपुर की रामलीला एक अलग स्थान रखती है। रामलीला में अभिनय करने वाले सभी गांव के ही युवा हैं। भगवान राम के चरित्र को अपनाकर हम एक आदर्श समाज की स्थापना कर सकते हैं। रामलीला हमें पारिवारिक जीवन जीना सिखाती है। इस दौरान विनय चौरसिया ने कहा कि बदलते दौर में युवापीढ़ी अपनी संस्कृति और संस्कार को भूल रही है। इस तरह के पारंपरिक और सांस्कृतिक आयोजनों से युवा दूर होते जा रहे हैं। हमें अपनी संस्कृति और संस्कार को नहीं भूलना चाहिए। रामलीला हमें एक आदर्श पारिवारिक जीवन की सीख देती है। चौरसिया का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। उनके साथ अधिवक्ता नंदलाल शुक्ला, विजय वर्मा और अन्य लोग उपस्थित थे। दशरथ–मंथरा, दशरथ–कैकेई, उर्मिला–लक्ष्मण एवं प्रभु श्रीराम –केवट संवाद ने दर्शकों का मनमोह लिया। आदर्श रामलीला समिति हरीपुर की रामलीला 100 सालों से मंचित हो रही है। 04 नवंबर को भरत मिलाप मेले के साथ सात दिवसी मंचन का समापन होगा।

# विधायक ने बच्चों को पुरस्कृत और शिक्षकों को किया सम्मानित



प्रखर पिंडरा वाराणसी। सरदार पटेल की जयंती के अवसर पर मंगलवार को सायंकाल में रोहनिया विधायक सुनील पटेल ने कंपोजिट स्कूल रमईपट्टी के प्रांगण में आयोजित कार्यक्रम में मेधावी छात्र छात्राओं को पुरस्कृत और शिक्षकों को सम्मानित किया। डॉक्टर भीमराव अंबेडकर सामाजिक एकता समिति द्वारा आयोजित समारोह में विद्यालय के विभिन्न क्षेत्रों में उपलब्धि हासिल करने वाले मेधावी बच्चों तथा पुरातन छात्र प्रिन्स कुमार पटेल (एस आई बी एस एफ) व रोहित कुमार पटेल (इंजीनियर) के साथ विद्यालय के इंचार्ज प्रधानाध्यापक प्रवीण सिंह को प्रबंधन तथा स0अ0 कमलेश कुमार पाण्डेय को एकेडमिक में विद्यालय का नाम रोशन करने के लिए मुख्य अतिथि विधायक सुनील पटेल व विशिष्ट अतिथि जिला पं0 सदस्य सविता देवी द्वारा सम्मानित किया गया। इस दौरान विधायक ने कहाकि विद्यालय के बच्चों एवं शिक्षकों के अथक प्रयास का ही परिणाम है कि यह विद्यालय प्रधानमंत्री और बिग बी के नाम से जोड़कर देखा जाता है। इस दौरान विज्ञान लैब की मांग पर इसे देने का आश्वासन दिया। संचालन धर्मेंद्र पटेल द्वारा किया गया। इस अवसर पर एआरपी रामसेवक यादव, संकुल शिक्षक धर्मेंद्र पटेल, देव प्रकाश देवा, मनोज वर्मा, सीताराम चौधरी, प्रमोद कुमार, महेंद्र प्रसाद, राम केशव वर्मा, लक्ष्मी शंकर पटेल, सूरज प्रसाद, जयप्रकाश, रामविलास यादव, चंद्रबली पटेल, देवेंद्र सहित अनेक गणमान्य लोग रहे।

# डीएम व एसपी के द्वारा दीप प्रज्वलित कर 'यातायात माह' का किया गया उद्घाटन, यातायात रैली को हरी झंडी दिखा कर किया रवाना



प्रखर संतकबीरनगर। जिलाधिकारी सन्तकबीरनगर महेन्द्र सिंह तंवर व पुलिस अधीक्षक सन्तकबीरनगर सत्यजीत गुप्ता द्वारा क्षेत्राधिकारी यातायात केशवनाथ की उपस्थिति में यातायात माह नवम्बर 2023 का यातायात कार्यालय मेहदावल बाईपास पर दीप प्रज्वलित कर उद्घाटन किया गया। तत्पश्चात महोदय द्वारा यातायात जागरुकता रैली को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया। महोदय द्वारा सड़क पर हो रही दुर्घटनाओं के रोकथाम करने, लोगों को यातायात के नियमों के बारें में जागरुक करने, दो पहिया वाहन चलाते समय तीन सवारी न बैठने, बिना नम्बर प्लेट लगी वाहन न चलाने, नशे की हालत में गाड़ी न चलाने, वाहन को ओवर स्पीड़ से न चलाने के साथ लोगों से अपील किया गया की वे अपने परिवार वालों एवं रिश्तेदारों तथा आसपास के लोगों को वाहन चलाते समय हेल्मेट व सीट बेल्ट के प्रयोग करने हेतु प्रेरित करने की भी अपील की गयी। इस अवसर पर प्रभारी यातायात परमहंस व स्कूली बच्चों के अतिरिक्त यातायात के समस्त के अधिकारी व कर्मचारी सहित अन्य सम्मानित जनमानस उपस्थित रहे।

# श्रीमती विभा शर्मा जन सेवा ट्रस्ट द्वारा वीएस किड्स प्ले स्कूल में भारत के प्रथम उप प्रधानमंत्री भारत रत्न सरदार वल्लभ भाई पटेल की मनायी जयंती



प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। भारत के प्रथम उप प्रधानमंत्री एवं गृह मंत्री, समाज सुधारक, अखंड भारत को एक भारत में जोड़ने वाले भारत रत्न सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर श्रीमती विभा शर्मा जन सेवा ट्रस्ट, द्वारा वीएस किड्स प्ले स्कूल, अशोक पुरम कॉलोनी, मीरापुर बसही में उनकी जयंती मनाई गई। विभा शर्मा, जन सेवा ट्रस्ट के अध्यक्ष श्यामधर शर्मा एवं उपाध्यक्ष उमेश चन्द्र मिश्र ने वीएस किड्स स्कूल अशोकपुरम कॉलोनी, मीरापुर बसही के विद्यार्थियों एवं शिक्षकों के साथ उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की। शिक्षिका सुधा राय, प्रज्ञा सिंह, अंकिता उपाध्याय ने भी पुष्पांजलि अर्पित की।

# प्रबुद्धजन काशी द्वारा चौबेपुर थाने पर पुलिसकर्मियों का निःशुल्क दंत परीक्षण व होम्योपैथिक दवा का वितरण



प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। प्रबुद्धजन काशी के तत्वावधान मे एवं थानाध्यक्ष चौबेपुर के सहयोग से थाना परिसर में निःशुल्क दंत परीक्षण एवं होम्योपैथिक दवा वितरण शिविर लगाकर पुलिस कर्मियों एवं क्षेत्रीय जनता का दंत परीक्षण एवं डेंगू चिकनगुनिया के बचाव सहित उपचार हेतु होम्योपैथिक दवा का निःशुल्क वितरण किया गया। प्रबुद्धजन काशी द्वारा डेंगू, चिकनगुनिया तथा संक्रमण के रूप मे फैलचुकी बीमारियो के बचाव हेतु होम्योपैथिक दवाओ का निरूशुल्क वितरण शिविर सितंबर माह से अनवरत ही जारी है इसी क्रम में क्षेत्रवासियों के आग्रह पर शिविर लगाकर लगभग 100 लोगों का दंत परीक्षण हुआ और 500 लोगों को नेशनल होम्योपैथिक दवा दी गयी होम्योपैथिक चिकित्सक डॉक्टर मनीष पांडे ने बताया कि वर्तमान में चिकनगुनिया एवं डेंगू का प्रकोप बढ़ता जा रहा है। हैरानी की बात यह है कि जांच में कुछ भी नहीं निकल रहा है परंतु लक्षण डेंगू और चिकनगुनिया का मिला– जुला पाया जा रह रहा है ऐसी गंभीर स्थिति में होम्योपैथिक दवा म्नचंजवतपनउ च्मतf 200 काफी लाभदायक सिद्ध हो रही है द्य संस्था के अध्यक्ष डॉ संजय सिंह गौतम ने समाज के सभी प्रबुद्ध लोगों से अपील किया कि डॉ मनीष पांडेय द्वारा बताए गए उपायों को अमल मे लाएं और बीमारी से बचें डा. गौतम ने उपस्थित सभी दंत चिकित्सकों डॉ.अनुरोध मिश्रा , डॉ. प्रियांशु सिंह के प्रति भी आभार व्यक्त किया महासचिव देव कुमार राजू ने शिविर का संयोजन किया। इस अवसर पर थानाध्यक्ष राजीव सिंह ,डा. रितेश सिंह , डा. जितेंद्र पांडेय, रितेश श्रीवास्तव उपनिरीक्षक प्रभाकर मिश्र पीयूष गुप्ता आदि

# युवक को गांजे के साथ पुलिस ने गिरफ्तार करने का किया दावा



प्रखर खेतासराय जौनपुर। स्थानीय पुलिस ने बुधवार को आजाद पुलिया के पास से एक युवक को गांजा के साथ गिरफ्तार करने का दावा किया है । आरोपित को सम्बंधित मामले में चालान न्यायालय भेज दिया । पुलिस के मुताबिक थानाध्यक्ष चन्दन रॉय बुधवार को मय हमराह उक्त स्थान पर चेकिंग के दौरान लेदरही निवासी युवक मो अरशद पुत्र सलाहू को पकड़ा । तलाशी में उसके पास से एक किलो दो सौ ग्राम गांजा बरामद करने का दावा किया गया है । पुलिस का यह भी कहना है वह शातिर है । आरोपित युवक पर पूर्व में एक भी मामला पंजीकृत नही है । एसओ चन्दन राय ने बताया कि पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर अपराधियों और तस्करों पर शिकंजा कसा जा रहा है । गिरफ्तार करने वाली टीम में थानाध्यक्ष के साथ उपनिरीक्षक विनोद कुमार तिवारी, कांस्टेबल नफीस अहमद, विजय शंकर यादव समेत अन्य पुलिस के जवान मौजूद रहे ।

# इनरव्हील क्लब ऑफ वाराणसी ग्रेटर द्वारा करौली डायग्नोस्टिक सेंटर में 50 महिलाओं का मेमोग्राफी टेस्ट कराने की मुहिम की शुरूआत




प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। एक टीम एक सपना स्तन कैंसर एक अविश्वसनीय रूप से कठिन बीमारी है जिससे लड़ना या किसी प्रियजन को इससे गुजरते हुए देखना मुश्किल है इससे बचाव औए जागरूकता बेहद जरूरी है। इनरव्हील क्लब ऑफ वाराणसी ग्रेटर ने गिलट बाजार स्थित करौली डायग्नोस्टिक सेंटर में 50 महिलाओं का मेमोग्राफी टेस्ट कराने की मुहिम की शुरुआत की है जिसमें इनरव्हील सदस्यों के साथ साथ गरीब जरूरतमंद महिलाओं का टेस्ट क्लब द्वारा कराया गया। क्लब की अध्यक्ष निशा सिंह ने बताया कि 35 वर्ष से ऊपर सभी महिलाओं को समय पर यह टेस्ट जरूर करना चाहिए। इस मौके पर क्लब सचिव शिप्रा भार्गव, इंदु रतन, धारिणी गुप्ता, मीनाक्षी अग्रवाल, शालिनी रस्तोगी, अनिता गिनोडिया , नीलम आनंद एवं कविता शाह मौजूद रहीं।

# यजा इवेंट्स द्वारा काशी मेला का आयोजन ग्राहकों ने की जमकर खरीददारी , यजा इवेन्ट कों दिया धन्यवाद



प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। मलदहिया स्थित होटल एचएचआई में यजा इवेंट्स द्वारा काशी मेला का आयोजन किया गया जिसमें वाराणसी सहित आसपास के जिलों से आये हुए लोगो के द्वारा कई प्रकार की सामग्रियों के सैकड़ों स्टाल लगाए गये स्टाल लगाये हुए लोगो ने बताया की आज हमलोग बहुत ही खुश है की एक छत के नीचे सभी प्रकार की सामान लगाने का मौका हमलोग कों मिला है द्य काशी मेले में आये हुए ग्राहकों ने जमकर की खरीददारी और यजा इवेन्ट कों दिया धन्यवाद साथ ही कहा की आपलोग काशी मेला का आयोजन हर साल इसी तरह से करते रहिये ताकि ग्राहकों कों एक छत के नीचे सभी प्रकार की सामग्री आसानी से मिल सके। मीडिया से बातचीत के दौरान कार्यक्रम संयोजिका डॉक्टर यमुना सिंह (होम ट्यूशन ब्यूरो ) व पूजा चौधरी (बिहारी जी बुटीक ) ने बताया कि यजा इवेंट्स द्वारा मलदहिया स्थित होटल एचएचआई में संस्था द्वारा काशी मेले का आयोजन किया गया है उन्होंने आगे बताया कि इस मेले का मुख्य उद्देश्य महिलाओं के सशक्तिकरण व स्वावलंबन को बढ़ावा देना साथ ही दिव्यांग , मलिन बस्ती के बच्चों व रेस्क्यू किए बच्चों के रोजगार हेतु सहायतार्थ है। इस मेले का मुख्य आकर्षण वंदनवार, दिया ,जूट बैग, करवाचौथ व दिवाली से रिलेटेड सभी आइटम , चटपटे व्यंजन इत्यादि के स्टॉल है। काशी मेले में लगाए गये स्टालों में मुख्य रूप से सुमित्रा ऑर्नमेंट्स ज्वेलर्स ग्वाल दास साहू लेन बुलानाला वाराणसी , परम्परा साड़ी अर्दली बाजार , क्वालिटी सिल्क साड़ी सिद्दार्थ कॉम्प्लेक्स सिगरा महमूरगंज रोड वाराणसी , बिहारी जी बुटीक , यजा इवेन्ट की स्टाल , द मुस्कान बुटीक , मोहिनी होम फर्निशिंग एंड डेकोर गुरुबाग श्रीनगर वाराणसी ,अंजली सैलून , लावन्यक्षा क्रियेशन सहित सैकड़ों स्टाल लगाए गये।

# सरदार साहब लौह पुरुष के साथ साथ आजादी के सबसे पहले दानवीर नेता रहे – शशिप्रताप सिंह



प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। सरदार वल्लभभाई पटेल की 148 में जयंती नेशनल इक्वल पार्टी कार्यालय शिवपुर पर नमन करते हुए श्रद्धांजलि देते हुए नेशनल इक्वल पार्टी के अध्यक्ष शशिप्रताप सिंह तथा समाजवादी पार्टी कार्यालय अर्दली बाजार पर संयुक्त सरदार साहब को नमन किया गया। शशि प्रताप सिंह ने बताया की लौह पुरुष की उपाधि दान में नही मिली थी उनके कर्म ने उन्हें दिया लेकिन जो असली उपाधि थी उससे उनको वंचित किया गया आजाद भारत के पहले प्रधानमंत्री के रूप में 15 सदस्य टीम ने 12 मतों से विजयी बनाकर प्रधानमंत्री की कुर्सी को नवाजा था लेकिन प्रधानमंत्री की कुर्सी को दानवीर लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल ने दान के रूप में एक वोट पाने वाले नेता को प्रधानमंत्री जैसी कुर्सी दान देकर एक कृतिमान हासिल किया इतिहासकारों ने दानवीर सरदार साहब को लौह पुरुष तो बताया लेकिन उनके कुर्बानी और सहनशीलता कों इतिहास में नही लिखा द्य मैं शशि प्रताप सिंह अध्यक्ष नेशनल इक्वल पार्टी सरदार साहब का नाम सम्मान के साथ दानवीर लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल के रूप में आगे बढ़ाकर इतिहास लिखने का काम करूंगा। शशि प्रताप सिंह ने बताया की आज प्रथम प्रधानमंत्री के रूप में दानवीर सरदार साहब होते तो भारत की जनता को आज भी सोने की चिड़िया और शिक्षित देश की श्रेणी में अवल स्थान पूरे दुनिया में रहता आज पुनः मैं बारंबार दानवीर सरदार साहब को नमन करता हूं श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं और सरदार साहब के सभी अनुयायों का का स्वागत करता हूं। मुख्य रूप से वाराणसी जिलाध्यक्ष सपा सुजीत यादव (लक्कड़ पहलवान ) , उमाशंर यादव मोतिन्यदा गोपाल यादव, विष्णु शर्मा नेशनल पार्टी प्रदेश अध्यक्ष रामबचन यादव,सतनारायण यादव सहित इत्यादि लोग शामिल रहे ।

# महिला भूमिहार समाज का डांडिया कार्यक्रम संपन्न



प्रखर वाराणसी। महिला भूमिहार समाज वाराणसी का रविवार को डांडिया कार्यक्रम बड़ी ही जोर शोर के साथ कैंटोमेंट स्थित एक होटल में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि प्रीति प्रिया,भावना, प्रोफेसर उषा किरण राय और डॉक्टर आकांक्षा सिंह ने कार्यक्रम में पूरे जोश के साथ भाग लिया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. राजलक्ष्मी राय, किरन सिंह शुभ्रा सिंह, मंजुला चौधरी, सोनिया राय, मयूरी सिंह, शिवि राय, सरिता सिंह, प्रियंका सिंह, सौम्या राय, वंदना सिंह और आयुषी राय की टीम ने किया। इस कार्यक्रम की सफलता भूमिहार समाज की महिलाओं की एकता और परस्पर प्रेम और मित्रता का प्रतीक है। कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं ने डांडिया रास के साथ–साथ मां अंबे की आराधना की और साथ ही यह शपथ ली कि वे अपने समाज के जरूरतमंद लोगों की मदद के लिए सदैव तत्पर रहेंगे, और इसकी शुरुआत वह अपने ही गांव, परिवार और घर से करेंगी।

# 95 बटालियन केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल, श्री अग्रसेन वेलफेयर सोसाइटी एवं सृजन सामाजिक विकास न्यास के संयुक्त तत्वाधान में हुआ वृक्षारोपण एवं चला स्वच्छता अभियान




प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। कमांडेंट अनिल कुमार बृक्ष के दिशा निर्देश में 95 बटालियन केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल,श्री अग्रसेन वेलफेयर सोसायटी एवं गंगा हरितिमा प्रोजेक्ट के संयुक्त तत्वावधान में अस्सी स्थित कोविलूर आश्रम प्रांगण में आज वृहद वृक्षारोपण अभियान के अंतर्गत 15 से अधिक पौधों और वृक्षों को लगाया गया साथ साथ स्वच्छता अभियान चलाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अभिषेक कुमार सिंह सहायक कमांडेंट 95 बटालियन थे तथा विशिष्ट अतिथि अनिल कुमार सिंह गंगा हरितिमा के ब्रांड एंबेसडर उत्तर प्रदेश सरकार थे कार्यक्रम संयोजक अमर चंद्र अग्रवाल ने सभी सदस्यों और 95 बटालियन सीआरपीएफ की पूरी टीम का स्वागत और अभिनंदन करते हुए वृक्षारोपण एवं स्वच्छता की महत्ता पर जोर दिया।

संरक्षक वल्लभ दास अग्रवाल ने सभी के प्रति अपना आभार प्रकट करते हुए रुद्राक्ष, सावनी, अर्जुन, कदंब, कंजी, पारिजात आदि वृक्षों को लगाने हेतु प्रदान किया अभियान की शुरुआत कोविलूर मठ के संरक्षक बालुस्वामी के हाथों रुद्राक्ष का पौधा लगाकर किया। कार्यक्रम में सतीश अग्रवाल, राजू अग्रवाल, अवनीश अग्रवाल, अर्चना अग्रवाल, अमृता अग्रवाल, श्याम कृष्ण अग्रवाल, कृष्ण मोहन अग्रवाल आदि उपस्थित रहे तथा 95 केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के निरीक्षक रामानंद राय एवं प्रवीण सिंह के साथ सीआरपीएफ की पूरी टीम में बढ़–चढ़कर भाग लिया।

# मील का पत्थर है नारी शक्ति वंदन अधिनियम – मयंकेश्वर शरण सिंह






प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। भाजपा की मोदी सरकार द्वारा लोकसभा में नारी शक्ति वंदन अधिनियम पास करने के उपलक्ष्य में कैंट विधानसभा के नारी शक्ति वंदन सम्मेलन में मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश सरकार में राज्यमंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह ने भारी संख्या में उपस्थित महिलाओं को संबोधित करते हुए इसे विकसित भारत के निर्माण में मील का पत्थर करार दिया। महमूरगंज स्थित शगुन लान में महिला मोर्चा महानगर अध्यक्ष कुसुम सिंह पटेल की अध्यक्षता के संयोजकत्व तथा महानगर अध्यक्ष भाजपा विद्यासागर राय की उपस्थिति में आयोजित कैंट विधानसभा के नारी शक्ति वंदन सम्मेलन में मुख्य अतिथि ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम व्यापक विजन वाला कानून है इस कानून की ताकत से परिवार से लेकर समाज तक हर स्तर पर महिलाओं को आगे बढ़ने के अवसर मिलेंगे। भाजपा प्रदेश मंत्री मीना चौबे ने कहा कि इस अधिनियम से लोकसभा और विधानसभा में महिलाओं की भागीदारी बढ़ेगी द्य नारी को आगे बढ़ाने के लिए किसी के सहयोग की जरूरत ना पड़े और सांस्कृतिक मूल्यों को भी मजबूत करने के लिए इस कानून का नाम नारी शक्ति बंधन अधिनियम रखा गया है पूर्व एमएलसी डॉ वीणा पांडेय ने कहा कि नारी सशक्तिकरण को सुनिश्चित करता यह बिल लोकतंत्र के प्रति आमजन के विश्वास को और अधिक मजबूत करेगा। विशिष्ट अतिथि पूर्व विधायक डॉ ज्योत्सना श्रीवास्तव ने कहा कि पीएम मोदी ने भारत की सनातन संस्कृति को देश के लोकतंत्र में चरितार्थ कर दिखाया है उन्होंने कहा कि प्रदेश की योगी सरकार ने नारी सुरक्षा नारी सम्मान तथा नई स्वावलंबन के लिए संचालित मिशन शक्ति अभियान के तहत 8.99 करोड़ लोगों को जागरूक किया है उन्होंने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम नारी शक्ति को उसका अधिकार देने वाला यह अभूतपूर्व निर्णय एक विकसित समर्थ एवं समृद्ध भारत के निर्माण का मुख्य स्तंभ बनेगा। सम्मेलन का कुशल संचालन महिला मोर्चा की महामंत्री प्रज्ञा पांडेय तथा अध्यक्षीय उद्‌बोधन व धन्यवाद ज्ञापन अध्यक्ष कुसुम पटेल ने दिया । इस अवसर पर मुख्य रूप से भाजपा महानगर अध्यक्ष विद्यासागर राय, महिला मोर्चा अध्यक्ष कुसुम सिंह पटेल, डॉ ज्योत्सना श्रीवास्तव, मीना चौबे, डॉ वीणा पांडेय,आशा गुप्ता, साधना वेदांती, डॉ गीता शास्त्री, आरती पाठक, साधना पांडेय, सीमा तिवारी सहित सैकड़ों महिलाएं मौजूद रहीं।

# वल्लभ भाई पटेल का व्यक्तित्व आज भी देता है ऊर्जा: कुलपति




**पीयू में हुआ रन फॉर यूनिटी का आयोजन**

प्रखर जौनपुर। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय में मंगलवार को लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल जयंती के अवसर पर राष्ट्रीय एकता दौड़ रन फॉर यूनिटी का आयोजन किया गया। इस दौड़ में विश्वविद्यालय के विभिन्न संकायों एवं विभागों के छात्र–छात्राओं ने प्रतिभाग किया। विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. वंदना सिंह ने हरी झंडी दिखाकर इस दौड़ की शुरुआत की। इसके पूर्व सरस्वती सदन के सामने सरदार वल्लभ भाई पटेल की मूर्ति पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया। उन्होंने कहा कि भारत रत्न सरदार वल्लभ भाई पटेल का व्यक्तित्व हमें आज भी ऊर्जा देता है। उन्होंने कहा कि समाज में सद्‌भाव हो इसके लिए सभी को मिलकर समभाव से काम करना चाहिए। मिशन शक्ति 4.0 के अंतर्गत महिला सशक्तिकरण का संदेश देते हुए एकता दौड़ का आयोजन किया गया । इस अवसर पर कुलसचिव महेंद्र कुमार, परीक्षा नियंत्रक बी.एन. सिंह, उप कुलसचिव अमृत लाल, सहायक कुलसचिव बबिता सिंह, प्रो. अजय प्रताप सिंह, प्रो. रजनीश भास्कर, प्रो. बी.डी शर्मा, डॉ. मनोज मिश्र,डॉ. प्रमोद कुमार यादव, डॉ. सुनील कुमार, डॉ. दिग्विजय सिंह राठौर, डॉ. वनिता सिंह, समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

## जांच के दौरान कागजात और हेल्मेट नहीं होने पर 22 दो पहिया वाहनों का भुड़कुड़ा कोतवाल ने काटा आन लाइन चालान

प्रखर जखनियां गाजीपुर। भुडकुंडा कोतवाली के प्रभारी तारावती यादव ने कस्बा के चौजा तिराहा , रामसिंहपुर मोड ,भुडकुडा बाजार , में दो पहिया वाहनों की जांच के दौरान 22 वाहनों का कागजात व हेलमेट नहीं होने पर ऑनलाइन चालान की गई । वाहन चेकिंग की भनक लगते ही बिना हेलमेट वाले वाहन स्वामी अपने वाहनों को बाजार में दुकानों के सामने ही खड़ी कर बाजार में खरीदारी करते देखे गए। कोतवाल प्रभारी तारावती यादव ने बताया कि हेलमेट लगाने के लिए पुलिस को कार्रवाई करनी पड़ती है ,जबकि हेलमेट लगाने से वाहन चालकों के खुद की सुरक्षा है ।बार–बार हिदायत के बाद भी सुधार नहीं होने पर प्रायः जांच की जाती है। उनके साथ एस आई अमरनाथ त्रिपाठी, कृष्णानंद सिंह ,गुलाम हुसैन व महिला हमराही रहीं ।

# खलीलाबाद विकास खंड कार्यालय पर ब्लॉक दिवस का हुआ आयोजन

## ग्रामीणों की समस्या का किया गया निस्तारण




प्रखर संतकबीरनगर। प्रदेश सरकार द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों की जन समस्याएं सुनने और उनका त्वरित निस्तारण करने के लिए नई पहल की गई है। संपूर्ण समाधान दिवस की तर्ज पर हर ब्लॉक में अब माह के पहले और तीसरे बुधवार को ब्लॉक दिवस का आयोजन किया जाना सुनिश्चित हैं।इसी क्रम में आज खलीलाबाद ब्लॉक परिसर के सभागार में खंड विकास अधिकारी विनोद मणि त्रिपाठी की अध्यक्षता में ब्लॉक दिवस का आयोजन किया गया। खलीलाबाद ब्लाक क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्रामीण क्षेत्र के फरियादियों ने आकर अपनी फरियाद लगाई। खलीलाबाद ब्लॉक दिवस पर आए हुए मामलों का त्वरित निस्तारण करने हेतु संबंधित कर्मचारीओ को सख्त निर्देश दिए गए। ब्लॉक दिवस कार्यक्रम के आयोजन पर खंड विकास अधिकारी विनोद मणि त्रिपाठी, एडीओ पंचायत राम सुमिरन, ग्राम सचिव सतीश मौर्या,कमलेश पति त्रिपाठी,सभी तकनीकी सहायक ,एपीओ सूर्य प्रकाश चौधरी, तथा ब्लॉक में कार्यरत सभी कर्मचारी मौजूद रहे।

# बरेका बास्केटबॉल एकेडमी के उभरते खिलाड़ी मीत यदुवंशी ने तमिलनाडु में जीता स्वर्ण



प्रखर वाराणसी। CISCE स्कूल्स नेशनल में अंडर 17 आयु वर्ग में बनारस रेल इंजन कारखाना बास्केटबॉल एकेडमी के उभरते खिलाड़ी मीत यदुवंशी ने उत्तर प्रदेश एवं उत्तराखंड रीजन से भाग लेते हुए दिनांक 28 से 30 अक्टूबर 2023 तक तूतीकोरिन विसाका सैनिक स्कूल, तमिलनाडु में आयोजित CISCE नेशनल गेम्स एण्ड स्पोर्ट्स– 2023 प्रतियोगिता में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए गोल्ड मेडल जीतकर प्रदेश के साथ ही बरेका का मान बढ़ाया है। बास्केट बाल के होनहार खिलाड़ी मीत यदुवंशी वर्तमान में निर्वाचित बरेका कर्मचारी परिषद के कर्मठ सदस्य अमित कुमार यादव के सुपुत्र है एवं बरेका बास्केटबॉल एकेडमी में कड़ी मेहनत कर खेल की बारीकियाँ सीख रहे है। मीत यदुवंशी ने बताया कि प्रतियोगिता में खिलाड़ियों के बीच प्रतिस्पर्धा बहुत ही कठिन रहा, थोड़ी चूक होने पर भी रैंकिंग में अंतर आ जाता है पर यह स्वर्णिम जीत उन्होंने कठिन परिश्रम और अपने निरंतर अभ्यास के दम पर हासिल किया। बरेका परिवार मीत यदुवंशी के स्वर्णिम प्रदर्शन से बहुत ही खुश है साथ ही बरेका के खिलाड़ियों में जोश व उत्साह की लहर है एवं उनको बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है। सम्पूर्ण बरेका परिवार ने मीत यदुवंशी को बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की।

# मील का पत्थर है नारी शक्ति वंदन अधिनियम – मयंकेश्वर शरण सिंह





प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। भाजपा की मोदी सरकार द्वारा लोकसभा में नारी शक्ति वंदन अधिनियम पास करने के उपलक्ष्य में कैंट विधानसभा के नारी शक्ति वंदन सम्मेलन में मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश सरकार में राज्यमंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह ने भारी संख्या में उपस्थित महिलाओं को संबोधित करते हुए इसे विकसित भारत के निर्माण में मील का पत्थर करार दिया। महमूरगंज स्थित शगुन लान में महिला मोर्चा महानगर अध्यक्ष कुसुम सिंह पटेल की अध्यक्षता के संयोजकत्व तथा महानगर अध्यक्ष भाजपा विद्यासागर राय की उपस्थिति में आयोजित कैंट विधानसभा के नारी शक्ति वंदन सम्मेलन में मुख्य अतिथि ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम व्यापक विजन वाला कानून है इस कानून की ताकत से परिवार से लेकर समाज तक हर स्तर पर महिलाओं को आगे बढ़ने के अवसर मिलेंगे। भाजपा प्रदेश मंत्री मीना चौबे ने कहा कि इस अधिनियम से लोकसभा और विधानसभा में महिलाओं की भागीदारी बढ़ेगी द्य नारी को आगे बढ़ाने के लिए किसी के सहयोग की जरूरत ना पड़े और सांस्कृतिक मूल्यों को भी मजबूत करने के लिए इस कानून का नाम नारी शक्ति बंधन अधिनियम रखा गया है पूर्व एमएलसी डॉ वीणा पांडेय ने कहा कि नारी सशक्तिकरण को सुनिश्चित करता यह बिल लोकतंत्र के प्रति आमजन के विश्वास को और अधिक मजबूत करेगा। विशिष्ट अतिथि पूर्व विधायक डॉ ज्योत्सना श्रीवास्तव ने कहा कि पीएम मोदी ने भारत की सनातन संस्कृति को देश के लोकतंत्र में चरितार्थ कर दिखाया है उन्होंने कहा कि प्रदेश की योगी सरकार ने नारी सुरक्षा नारी सम्मान तथा नई स्वावलंबन के लिए संचालित मिशन शक्ति अभियान के तहत 8.99 करोड़ लोगों को जागरूक किया है उन्होंने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम नारी शक्ति को उसका अधिकार देने वाला यह अभूतपूर्व निर्णय एक विकसित समर्थ एवं समृद्ध भारत के निर्माण का मुख्य स्तंभ बनेगा। सम्मेलन का कुशल संचालन महिला मोर्चा की महामंत्री प्रज्ञा पांडेय तथा अध्यक्षीय उद्‌बोधन व धन्यवाद ज्ञापन अध्यक्ष कुसुम पटेल ने दिया। इस अवसर पर मुख्य रूप से भाजपा महानगर अध्यक्ष विद्यासागर राय, महिला मोर्चा अध्यक्ष कुसुम सिंह पटेल, डॉ ज्योत्सना श्रीवास्तव, मीना चौबे, डॉ वीणा पांडेय,आशा गुप्ता, साधना वेदांती, डॉ गीता शास्त्री, आरती पाठक, साधना पांडेय, सीमा तिवारी सहित सैकड़ों महिलाएं मौजूद रहीं।

# बहुद्देश्यीय हब को धरातल पर उतारने की प्रक्रिया जारी



प्रखर पटहेरवा कुशीनगर। ग्राम पंचायत रजवटिया में प्रस्तावित बहुद्देश्यीय हब को धरातल पर उतारने की प्रक्रिया जारी है। तहसील प्रशासन व लोकनिर्माण विभाग के संयुक्त प्रयास से अब तक 150 किसानों की भूमि का अधिग्रहण कार्य पूरा हुआ और लगभग 24 करोड़ की धनराशि भी किसानों के खाते में भेजी जा चुकी हैं। किसानों में परियोजना के स्थापित होने से क्षेत्रीय लोगो मे हर्ष है। बहुउद्देश्यीय हब के लिए भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया के तहत बुधवार को शम्भू सिंह, बबलू सिंह, जोन्हिया देवी, नरेश चौहान, सफीउल्लाह खान, मो यूसुफ खान, रफीउल्लाह खान, मो. ईशा, कबूतरी देवी सहित नौ किसानों ने अपनी भूमि का रजिस्ट्री किया। किसानों को अब तक लगभग 24 करोड़ रुपये मुआवजा के लिये में भुगतान किया जा चुका है। कुछ किसानों ने बताया कि नाम मे त्रुटि, वरासत,कुछ मामूली विवाद व वरासत, कुछ सदस्यों के बाहर होन, शेयर निर्धारण, नाबालिग आदि समस्याओं के चलते भूमि अधिग्रहण प्रक्रिया में देरी हो रही हैं। किसानों ने जहां समस्या के त्वरित निस्तारण की मांग की है तो तहसील प्रशासन की तरफ से कानूनगो राणा प्रताप सिंह, लेखपाल नर्वदेश्वर सिंह, रामप्रवेश सिंह, राजीव कुमार आदि तहसील व लोकनिर्माण विभाग के जिम्मेदार समस्याओं का निस्तारण में जुटे हुए हैं। इस दौरान लेखपाल नर्वदेश्वर सिंह, ग्राम प्रधान श्रीराम पासवान, मनोज मिश्रा आदि मौजूद रहे।

# जय श्री कृष्णा फाउंडेशन का वार्षिक अधिवेशन सम्पन्न




प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। जय श्री कृष्णा फाउंडेशन का शानदार वार्षिक अधिवेशन का आयोजन सेलेब्रेटी गेस्ट अमन वर्मा के मुख्य अतिथि में आईपी माल के शानदार हाल में सम्पन्न हुआ। अविस्मरणीय परफॉर्मेंस, नये सदस्यो का शपथ, जबरदस्त मनोरंजित करने वाला कार्यक्रम एवं 800 से ज्यादा सदस्यो की उपस्थिति रही। समन्वयक मुरली गोपाल अग्रवाल, एकता अग्रवाल, आशुतोष गुप्ता, अंकना अग्रवाल, दीपक श्रीवास्तव, मनीष राय, रितु अग्रवाल, शीतल बरनवाल, श्वेता मिश्रा, श्याम किशोर अग्रवाल के संयोजक तत्व में सभी ने मिलकर बहुत ही बढ़िया काम किया है। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्थापक संजीव अग्रवाल ने किया द्य शानदार संचालन सीमा गिरी व पूजा गुप्ता ने, स्वागत अरविन्द जैन व धन्यवाद ब्रजेश लोड़ ने किया रिटर्न गिफ्ट के लिए मधुर मिलन स्वीट्स के अतुल गुप्ता ने सभी को दिया। प्रदीप मल्होत्रा, अभिषेक भट्टाचार्या, नीरज पारिख, महेश चौधरी, लेखा चटर्जी, कंचन दूबे, रूबी शाह, जयेश वर्मा, पूजा गुप्ता को नवरत्न के रूप में संस्था में ताजपोशी शानदार रही 7 स्कूलों से आए बच्चे एवं उनके अध्यापक के साथ यंग इंडिया का कार्यक्रम लॉन्च किया गया। संजीवनी सम्मान – डॉ. राजेश अग्रवाल, डॉ कर्म राज सिंह, डॉ अरुण कुमार, बिपिन अग्रवाल। द्रोणाचार्य रत्न सम्मान – प. चंद्रमौली उपाध्याय , डॉ दीपक मधोक ,राजेश अग्रवाल , डॉ रति शंकर त्रिपाठी। जेएसके यूथ आइकॉन एवार्ड – सीए सागर गुप्ता, सुमित सर्राफ, अमित सोनी, राहिल खटवानी, पुष्प रंजन अग्रवाल। जेएसके सुपर स्टार रमेश सेठ, राकेश अग्रवाल, संजीव अग्रवाल श्डब्बू, आशीष जायसवाल, किशोर खंडेलवाल लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड प्रकाश टंडन को प्रदान किया गया । विशेष सहयोग के लिए राकेश अग्रवाल, सलिल शाह, डॉ कर्मराज सिंह व नीरज मेहरा को सम्मानित किया गया।

# यूनियन बैक के ग्राहक सेवा केंद्र का हुआ उद्घाटन , जनता को मिलेगी सुविधा



प्रखर जखनियां गाजीपुर। स्थानीय कस्वा के रेलवे स्टेशन चौराहे के पास यूनियन बैंक ग्राहक सेवा केंद्र का उद्घाटन किया क्षेत्रीय कार्यालय यूनियन बैक के रिजनल.हेड के० डी० गुप्ता द्वारा किया गया। श्री गुप्ता ने बतलाया कि क्षेत्रीय जनता को यूनियन बैक शाखा से लेन देन करने के साथ बैक सम्बन्धि जानकारी हासिल करने मे प्रायः समस्या होती थी ।जिसकी सुगमता के लिए यूनियन बैक ने डोर टू डोर सुविधा मुहैया करवाने के उद्देश्य से यह सुविधा दी गयी है । इसके माध्यम से किसानों व्यवसायियों, और छोटे ग्राहकों को भुगतान पाने व अन्य को भुगतान प्रेषित करने मे सुविधा मिलेगी । यह नया ग्राहक सेवा केंद्र अत्यंत टेक्नालाजी द्वारा संचालित करवाया जा रहा है। यह भी बताया कि शाखा में काफी भीड़ रहती थी ,जिसको ध्यान में रखते हुए यह केंद्र शाखा के ही लोकेशन पर आवंटित किया गया है,। जिससे ग्रामीणों को किसी भी प्रकार की समस्या न हो। मौके पर शाखा प्रबंधक , गोविंद यादव जिला समन्वयक उत्कर्ष तिवारी के अलावा काफी संख्या मे लोग मौजूद रहे ।

## पिंडरा के किसान आज देंगे अधिग्रहण के विरोध में धरना

प्रखर पिंडरा वाराणसी। संयुक्त किसान एवं मजदूर मोर्चा संघर्ष समिति पिंडरा के बैनर तले काशी द्वार आवासीय योजना से प्रभावित होने वाले एक दर्जन गांवों के किसान गुरुवार को आवास विकास परिषद भेलूपुर कार्यालय पर धरना प्रदर्शन देंगे। उक्त जानकारी देते हुए समिति के अध्यक्ष फतेहनारायन सिंह ने बताया कि बुधवार को किसानों के बीच हुई बैठक में निर्णय लिया गया। जिसमे सुबह 11 बजे किसान आवास विकास परिषद के कार्यालय पहुचेंगे। धरना प्रदर्शन के साथ पत्रक देंगे।

## मंगारी व कठिराव का दो दिवसीय विजय दशमी मेला आज

प्रखर पिंडरा वाराणसी। क्षेत्र प्रसिद्ध मंगारी व कठिराव का दो दिवसीय विजयदशमी मेला 2 व 3 नवम्बर को लगेगा। इसके लिए शासन प्रशासन के साथ मेला कमेटी ने तैयारी पूरी कर ली। हजारों की भीड़ को नियंत्रित करने के पुलिस प्रशासन ने आधा दर्जन दरोगा समेत दर्जनो पुलिस कर्मी की तैनाती रहेगी। वही इस बार मंगारी मेले में आसपास के गांवो के ग्रामीणों को बाबतपुर रेलवे क्रासिंग पर आरओबी निर्माणाधीन होने के कारण मेला स्थल पहुचने के लिए कई किमी का चक्कर लगाना पड़ेगा। मंगारी मेला कमेटी के अध्यक्ष कमलकांत शर्मा ने बताया कि मेलार्थी प्रशासन द्वारा बनाये गए वैकल्पिक मार्ग का ही प्रयोग करें। उन्होंने मेले में भीड़ को देखते विद्युतापूर्ति अनवरत रखने की मांग की।

प्रखर पूर्वांचल

RNIUPHIN/2016/68754

मुद्रक प्रकाशक 'पंकज सिंह' के लिए सम्पादक 'अरूण सिंह' द्वारा 'गायत्री प्रिंटिंग प्रेस' सकलेनाबाद नियर दुर्गा चौक, गाजीपुर पिन कोडः 233001 से छपवाकर कनेरी गाजीपुर से प्रकाशित

सम्पादकीय कार्यालयः 9/10, टैगोर मार्केट, कचहरी, गाजीपुर पिन कोडः 233001

सम्पर्क सूत्रः 0548-2223833, +91-8858563779 +91-9450208067, +91-9452844802

सभी विवाद गाजीपुर न्यायालय के अधीन होगें।

ताजा खबर पढ़ने के लिए लॉगइन करें हमारी वेबसाइट
https://prakharpurvanchal.com
Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com

सांध्य दैनिक प्रखर पूर्वांचल अखबार के सभी पद अवैतनिक हैं